प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

20.06.2024/प्रादेशिक समाचार/11:00 बजे

राष्ट्रपति जन्मदिन

राष्ट्रपति दौपदी मुर्मू का आज जन्मदिन है। इस अवसर पर आकाशवाणी से राष्ट्रपति के साथ पूर्व केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी की विशेष भेंटवार्ता का प्रसारण किया गया। वार्ता के दौरान राष्ट्रपति ने अपने जीवन के अनुभव साझा किए। उन्होंने राष्ट्रपति के तौर पर देश व देशवासियों के प्रति अपने विचार प्रकट किए और कहा कि भारत वैश्विक स्तर पर जहां 'वसुधैव कटुम्बकम' में विश्वास रखता है वहीं विभिन्नताओं का देश है। उन्होंने कहा कि आज भी देश में बहुत से ऐसे वर्ग है जो पिछड़े है और उनके विकास के प्रयास लगातार किए जा रहे हैं, जिसका उदाहरण जनजातीय विकास के रूप में स्पष्ट है।

केन्द्रीय मंत्रिमंडल

केन्द्रीय मंत्रिमंडल की कल नई दिल्ली में हुई बैठक में 14 खरीफ फसलों पर सत्र 2024–25 के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य –एमएसपी को बढ़ाने की मंजूरी दी गई है। बैठक के बाद मीडिया को संबोधित करते हुए सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि सरकार ने धान, कपास, बाजरा, दलहन और तिलहन के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य में उल्लेखनीय वृद्धि की है, जिससे किसानों को लाभ होगा। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार देशभर में दो लाख गोदाम बनाने पर काम कर रही है।

यूजीसी–नेट

सरकार ने कल 18 जून 2024 को आयोजित यूजीसी–नेट परीक्षा रद्द कर दी है। यह परीक्षा बाद में नए सिरे से आयोजित की जाएगी जिसकी जानकारी अलग से दी जाएगी। भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र द्वारा दी गई जानकारी के बाद यूजीसी–नेट परीक्षा रद्द की गई है। परीक्षा की सत्यनिष्ठा को बनाए रखने के लिए यह मामला गहन जांच हेतू केंद्रीय जांच ब्यूरो को सौंपा जा रहा है।

यूजीसी को परीक्षा पर गृह मंत्रालय के भारतीय साइबर अपराध समन्वय केन्द्र की राष्ट्रीय साइबर अपराध विश्लेषण इकाई को गड़बड़ी की कुछ जानकारी मिली थी, जिसके बाद ये निर्णय लिया गया है।

__योग दिवस__

अंतराष्ट्रीय योग दिवस के दसवें संस्करण के अवसर पर 21 जून को राजधानी शिमला के रिज मैदान में राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में राज्यपाल शिवप्रताप शुक्ल शामिल होंगे। आयुष व खेल मंत्री यादवेंद्र गोमा ने ये जानकारी देते हुए कहा कि 21 जून को प्रदेश के सभी आयुर्वेदिक संस्थानों पर भी योग दिवस मनाया जाएगा। उन्होंने प्रदेश वासियों से 21 जून को योग दिवस कार्यक्रमों में शामिल होने का आग्रह भी किया, और कहा कि स्वस्थ रहने के लिए योग करना बेहद जरूरी है।

__अनुराग ठाकुर__

सांसद व पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर कल एक दिवसीय दौरे पर हिमाचल प्रदेश में विभिन्न कार्यक्रमों में शिरकत करेंगे। इस दौरान कल योगदिवस के अवसर पर वे जसंवा प्रागपुर के विधानसभा क्षेत्र के डाडासिंबा में योग कार्यक्रम में भाग लेंगे। इसके पश्चात वे कांगड़ा के देहरा में भाजपा प्रत्याशी की नामांकन सभा में शामिल होंगे। इसके अलावा अनुराग ठाकुर चिंतपूर्णी विधानसभा के अंब में भाजपा कार्यकर्ता संवाद कार्यक्रम में भी शिरकत करेंगे।

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकतर क्षेत्रों में बीते कल से रूक–रूक कर वर्षा का दौर जारी है। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में प्री–मॉनसून की वर्षा आरम्भ हो गई है जिससे अब लोगों बढ़ते तापमान और गर्मी से राहत की उम्मीद है। आज प्रदेश के दस जिलों के लिए विभाग द्वारा वर्षा व अंधड़ का येलो अर्लट जारी किया गया है। मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक सुरेंद्र पॉल के अनुसार जून माह के अंत तक प्रदेश में मॉनसून के पहुंचने की संभावनाएं बनी है।

__सड़क__

अप्रैल माह से भारी भूस्खलन से बंद पड़े चम्बा जिला के खड़ामुख–होली मुख्य मार्ग को दो महीने के बाद वाहनों की आवाजाही के लिए बहाल कर दिया गया है। इस कठिन और खतरनाक कार्य को लोक निर्माण विभाग तथा जे एस डब्ल्यू कम्पनी के कामगारों ने अपनी जान जोखिम में डाल कर पूरा किया है। इस भूस्खलन के कारण होली तहसील की चौदह ग्राम पंचायतों का संपर्क पूरी तरह से कट गया था।

समाचार पत्रों की सुर्खियां...............

प्री–मॉनसून के प्रदेश में सक्रिय होने से जुड़ी खबर को सभी समाचार पत्रों ने प्रमुखता से प्रकाशित किया है। अमर उजाला ने शीर्षक दिया है–हिमाचल पहुंचा प्री–मॉनसून–भरमौर और मणीमहेश की चोटियों पर बर्फबारी , रोहतांग में फाहे, ढ़लहौजी और रोहडू में ओलावृष्टि। पंजाब केसरी लिखता है–हिमाचल में तूफान, बारिश व ओलावृष्टि–कांगड़ा जिला में पेड़ व छते उड़ी। दैनिक भास्कर का शीर्षक है–प्रदेश में प्री–मॉनसून की दस्तक–दस जिलों में अंधड़ के साथ बारिश–25 को पहुंचेगा मॉनसून। दिव्य हिमाचल की खबर है–प्रदेश में तीन जगह खडड्‌ों ने निगले 3 युवक अखबार लिखता है गर्मी से राहत पाने को पानी में उतरना पड़ा महंगा।

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के हवाले से आपका फैसला लिखता है–बिकने के बाद बीजेपी के गुलाम हुए पूर्व निर्दलीय विधायक। दैनिक भास्कर ने मुख्यमंत्री के बयान को शीर्षक दिया है–प्रदेश में कांग्रेस सरकार अभी पूरे तीन साल चलेगी–नहीं आएगी विकास मे कमी। हिमाचल दस्तक के अनुसार–मुख्यमंत्री के मंत्रियों को मिलेगा फ्री हैंड–विभागीय मामलों और कर्मचारी तबादलों में मिलेगी शक्तियां।

टांडा के विशेषज्ञों ने किडनी ट्रांसप्लांट कर रचा इतिहास दैनिक जागरण की एक खबर है। इसी अखबार के अनुसार–राशन डिपूओं में आज से ओटीपी के माध्यम से होगा राशन वितरण का ट्रायल।

कुल्लू से देहरादून के लिए उड़ान शुरू–शीर्षक से दैनिक सवेरा टाईम्स लिखता है–14 घंटे का सफर अब सिर्फ एक घंटा 20 मिनट मे संभव।

———————————————————